Title : Need to review the working of Crop Insurance Scheme particularly in Gujarat - Laid.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान किसान के लिए चल रही फसल बीमा योजना की तरफ दिलाना चाहता हूं। इससे किसानों को नुकसान हो रहा है जबकि यह फसल बीमा योजना इसलिए लागू की गई है कि प्राकृतिक रूप से आपदा आने के बाद किसानों को राहत दी जाये। मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में सूखे की अवस्था में फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए दस-दस हजार रूपये का बीमा करवाया था। परन्तु उनको बीमा का लाभ केवल 2000 या इससे कम मिला। जबकि इसको एक्सीडेंट में किये जाने वाले बीमा के रूप में लागू किया जाना चाहिए। बीमा कम्पनी के सर्वे नहीं करते हैं और प्‍ ाकृतिक आपदा जैसी घटनाओं की जानकारी भी नहीं है।

मैं सदन के माध्यम से अनुरोध करना चाहूंगा कि इसका जांच की जाये और इस बीमा फसल योजना को पूरी तरह से बदला जाये और प्राकृतिक आपदा में सही मायने में किसानों की सहायता दिये जाने वाला फसल बीमा योजना बनाई जाये।